**1. राजस्थान में जिला परिषद् की बैठकों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**(I) जिला परिषद् की बैठक कम से कम प्रत्येक चार माह में एक बार बुलानी आवश्यक होती है।**
**(II) जिला परिषद् की बैठक की गणपूर्ति कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई होती है।**
**सही विकल्प चुनिए :**
(1) केवल (I) सही है। (2) केवल (II) सही है।
(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं (4) न तो (I) न ही (II) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**2. राजस्थान उच्च न्यायालय में प्रशासनिक न्यायाधीश की नियुक्ति एवं कार्य आवंटन से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**(I) मुख्य न्यायाधीश न्यायालय के सामान्य प्रशासन को चलाने हेतु एक प्रशासनिक न्यायाधीश की नियुक्ति करेगा।**
**(II) प्रशासनिक न्यायाधीश राजस्थान उच्च न्यायालय नियम, 1952 के नियम 22 के अनुसार प्रशासनिक कार्य संपादित करेगा।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए :**
(1) केवल (I) सही है। (2) केवल (II) सही है।
(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं (4) न तो (I) न ही (II) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**3. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की निम्नलिखित में से किस धारा के अन्तर्गत प्रत्येक नगरपालिका में एक कार्यपालक समिति गठित होती है?**
(1) 52 (2) 53
(3) 54 (4) 55
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**4. निम्नलिखित में से किस आधार पर राज्य सरकार द्वारा राजस्थान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को उनके पद से नहीं हटाया जा सकता है?**
(1) कार्य करने से इन्कार करती है।
(2) आयोग से अनुपस्थित रहने की इजाजत लिए बिना आयोग की लगातार दो बैठकों से अनुपस्थित रहती है।
(3) ऐसे किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहरायी जाती है और कारावास से दण्डादिष्ट की जाती है जिसमें नैतिक अधमता या कोई अन्य आपराधिक क्रियाकलाप अन्तर्वलित हो।
(4) विकृत चित्त की हो जाती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**5. राजस्थान में जिला कलेक्टर की शक्तियों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**(I) जिला कलेक्टर को अपने जिले की ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने का अधिकार है।**
**(II) जिला कलेक्टर को अपने जिले की ग्राम पंचायतों में नियुक्त प्रशासकों को पदच्युत करने का अधिकार है।**
**सही विकल्प चुनिए:**
(1) केवल (I) सही है।
(2) केवल (II) सही है।
(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(4) न तो (I) न ही (II) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**6. तमिलनाडु कैडर के प्रशासनिक अधिकारी शंकर लाल कुमावत को अप्रैल, 2026 में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। ये मूलतः राजस्थान के किस जिले के रहने वाले हैं?**
(1) सीकर (2) बीकानेर
(3) जोधपुर (4) अजमेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**7. मई 2026 में, निम्नलिखित में से किसने आईसीएआर-केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर के निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला?**
(1) डॉ. एच.एल. कुशवाहा (2) डॉ. एन.आर. चौधरी
(3) डॉ. एच.एस. जाट (4) डॉ. पी.सी. मोहराना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**8. प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कम्पोनेंट-सी के अंतर्गत, जयपुर जिले के कुंडा की ढाणी में राजस्थान का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है, जिसकी लगभग स्थापित क्षमता है:**
(1) 3.2 MW (2) 4.9 MW
(3) 5.8 MW (4) 6.4 MW
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**9. राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक निम्नलिखित में से कौन है?**
(1) राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(2) राज्यपाल, राजस्थान
(3) मुख्यमंत्री, राजस्थान
(4) मंत्री, विधि एवं विधिक कार्य विभाग, राजस्थान
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**10. व्हाट्सएप चैटबॉट 'समाधान साथी' से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**(I) इसे राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा 11 मई, 2026 को प्रारंभ किया गया।**
**(II) यह छात्रवृत्ति और पेन्शन दोनों ही प्रमुख सेवाओं के लिए एक एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में कार्य करता है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(1) केवल (I) सही है।
(2) केवल (II) सही है।
(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं।
(4) न तो (I) न ही (II) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**11. ज्ञान भारतम मिशन राजस्थान में नोडल विभाग तथा राज्य नोडल अधिकारी क्रमशः नियुक्त किया गया है:**
(1) राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर को तथा राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर के निदेशक को।
(2) राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर को तथा जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति को।
(3) जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर को तथा राजस्थान पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, जयपुर के निदेशक को।
(4) राजस्थान पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, जयपुर को तथा राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर के निदेशक को।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**12. मई 2026 में, महाराष्ट्र में आयोजित 47वीं अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड टूर्नामेंट के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?**
(1) प्रतियोगिता में राजस्थान के विद्युत निगमों की 6 टीमों के कुल 47 खिलाड़ियों ने भाग लिया।
(2) राजस्थान की महिलाओं की खो-खो टीम ने रनर ट्रॉफी प्राप्त की।
(3) जयपुर डिस्कॉम के पहलवान दीपक कुमार ने रजत पदक प्राप्त किया।
(4) राजस्थान के पुरुषों की खो-खो टीम ने विजेता ट्रॉफी प्राप्त की।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**13. मई 2026 में, जोधपुर में आयोजित 45वीं राजस्थान सब-जूनियर स्टेट शूटिंग बॉल चैम्पियनशिप (अंडर-17)-बालक वर्ग में जयपुर ने निम्नलिखित में से किस टीम को फाइनल में हराकर खिताब जीता?**
(1) बीकानेर (2) कोटा
(3) गंगानगर (4) जोधपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**14. राजस्थान के बजट 2026-27 के अनुसार, भिवाड़ी में जल भराव की समस्या के निराकरण के लिए किस-किस के सहयोग से कार्य करवाना प्रस्तावित है?**
(1) भारत सरकार एवं पंजाब सरकार
(2) भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार
(3) हरियाणा सरकार एवं पंजाब सरकार
(4) भारत सरकार एवं दिल्ली सरकार
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**15. अप्रैल 2026 में 'लोक सेवा दिवस' के अवसर पर प्रदान किए गए 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' की श्रेणी के साथ निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन सही सुमेलित है?**
(1) सिद्धार्थ महाजन – नवाचार
(2) रोहिताश्व सिंह तोमर – सुशासन
(3) गायत्री ए. राठौड़ – नवाचार
(4) आरती डोगरा – फ्लैगशिप योजनाएँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**16. होर्मुज जलडमरुमध्य स्थित है –**
(1) फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के मध्य
(2) ओमान की खाड़ी और अदन की खाड़ी के मध्य
(3) फारस की खाड़ी और अकाबा की खाड़ी के मध्य
(4) अदन की खाड़ी और अकाबा की खाड़ी के मध्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**17. इंडिया जस्टिस रिपोर्ट, 2026 (कंज्यूमर जस्टिस रिपोर्ट, 2026) के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प चुनिए:**
**कथन-A:** कंज्यूमर जस्टिस रैंकिंग में राजस्थान ने देश के बड़े एवं मध्यम आकार के राज्यों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।
**कथन-B:** प्रदेश को यह उपलब्धि उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में बजटीय प्रावधानों और उपभोक्ता सम्बन्धी अधिकारों की पालना, सहित 21 मापदंडों पर बेहतरीन प्रदर्शन करने पर प्रदान की गई है।
(1) A तथा B दोनों कथन सत्य हैं।
(2) A तथा B दोनों कथन असत्य हैं।
(3) कथन A असत्य तथा कथन B सत्य है।
(4) कथन A सत्य तथा कथन B असत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**18. निम्नलिखित में से कौन सा एक सुमेलित नहीं है?**

| **स्थानीय हवा** | **देश/क्षेत्र** |
|---|---|
| (1) सांता आना | - कैलिफोर्निया |
| (2) बोरा | - कैस्पियन सागरतट |
| (3) हरमट्टान | - सहारा मरुस्थल |
| (4) ब्रिक फील्डर | - ऑस्ट्रेलिया |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**19. निम्नलिखित क्रियाकलाप युग्मों पर विचार कीजिए:**
(A) द्वितीयक क्रियाकलाप - कृषि
(B) तृतीयक क्रियाकलाप - सूचना आधारित
(C) चतुर्थक क्रियाकलाप - मौद्रिक बैंकिंग
(D) पंचम क्रियाकलाप - नीति निर्धारक
**उपर्युक्त में से कितना/कितने युग्म सही सुमेलित है/हैं?**
(1) केवल एक (2) केवल दो
(3) केवल तीन (4) सभी चार
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**20. वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रोस्पेक्ट्स-2024 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस देश की जनसंख्या यूरोप में सर्वाधिक थी?**
(1) इटली (2) स्पेन
(3) जर्मनी (4) पोलैण्ड
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**21. ग्लोबल एन्वायरमेंटल आउटलुक-7 (GEO-7) 2025 के अनुसार वर्तमान में विश्व में प्रति वर्ष कितना ठोस अपशिष्ट निकलता है?**
(1) 1.5 से 2 बिलियन टन के मध्य
(2) 2 बिलियन टन से अधिक
(3) 1 बिलियन टन से कम
(4) 1 से 1.5 बिलियन टन के मध्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**22. जुलाई के दौरान अंतः उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (ITCZ) के उत्तर की ओर खिसकने का परिणाम होता है:**
(1) ध्रुवीय उच्च दाब प्रणालियों का निर्माण
(2) गंगा के मैदानों का ठंडा होना
(3) दक्षिणी गोलार्द्ध में व्यापारिक पवनों का कमजोर होना
(4) उत्तरी भारत पर मानसून गर्त का विकास
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**23. भारत की निम्नलिखित नदियों पर विचार कीजिए:**
(a) ब्यास (b) चिनाब
(c) रावी (d) सतलुज
**निम्नलिखित में से कौन सा दक्षिण से उत्तर की ओर उपर्युक्त नदियों का सही अनुक्रम है?**
(1) (d) (a) (c) (b) (2) (d) (a) (b) (c)
(3) (a) (d) (c) (b) (4) (d) (c) (a) (b)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**24. निम्नलिखित में से भारत का कौन सा जीवमण्डल निचय सितम्बर 2025 में यूनेस्को वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फेयर रिजर्व में शामिल हुआ?**
(1) शेषाचलम, आंध्र प्रदेश
(2) नोकरेक, मेघालय
(3) ठण्डा रेगिस्तान, हिमाचल प्रदेश
(4) पचमढ़ी, मध्य प्रदेश
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**25. लघु हिमालय और शिवालिक के मध्य स्थित अनुदैर्ध्य घाटियों को जाना जाता है -**
(1) भाबर (2) दून
(3) दोआब (4) तराई
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**26. निम्नलिखित में से कौन से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के घटक हैं?**
(A) मूल्य समर्थन योजना (B) बाज़ार हस्तक्षेप योजना
(C) कीमत स्थिरीकरण निधि
**सही विकल्प चुनें :**
(1) केवल (A) और (B)
(2) केवल (B) और (C)
(3) केवल (C) और (A)
(4) (A), (B) और (C) सभी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**27. आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?**
(1) यह भारत के विनिर्माण का लगभग 35.4 प्रतिशत हिस्सा है।
(2) यह भारत के निर्यात का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है।
(3) यह भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 31.1 प्रतिशत का योगदान देता है।
(4) यह भारत में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोज़गार प्रदाता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**28. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**

| **ऊर्जा परियोजना** | **राज्य** |
|---|---|
| (1) भड़ला सौर पार्क | - राजस्थान |
| (2) पावागढ़ सौर पार्क | - पंजाब |
| (3) रीवा सौर पार्क | - मध्य प्रदेश |
| (4) चरंका सौर पार्क | - गुजरात |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**29. भारत के निर्यात के सम्बन्ध में कौन सा कथन सही नहीं है?**
(1) भारत का सेवा व्यापार अधिशेष निरंतर वस्तु व्यापार घाटे के बड़े हिस्से को संतुलित कर रहा है।
(2) वैश्विक वाणिज्यिक सेवा निर्यात में कैलेण्डर वर्ष 2005 से 2024 तक भारत की साझेदारी 2 प्रतिशत से बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई है।
(3) वित्त वर्ष 2025 में भारत के कुल सॉफ्टवेयर सेवा निर्यात में कम्प्यूटर सेवाओं के निर्यात की साझेदारी दो-तिहाई से अधिक रही है।
(4) वर्ष 2025 में भारत के सॉफ्टवेयर निर्यात में सबसे अधिक साझेदारी अमेरिका की तुलना में यूरोप की रही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**30. भारत के सेवा क्षेत्र के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:**
(i) 2022-2024 के दौरान वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में सेवाओं का औसत हिस्सा 65.3 प्रतिशत था।
(ii) ऊर्जा एवं गैस आपूर्ति, निर्माण एवं परिवहन को कुल मिलाकर सेवाओं के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का 88 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा प्राप्त हुआ है।
(iii) वित्त वर्ष 2025 में कुल निर्यात 6.1 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है, यह अब तक रिकॉर्ड किए गए निर्यात का उच्चतम स्तर है, जो कि मुख्यतः सेवाओं के निर्यात में वृद्धि के कारण है।
**कूट:-**
(1) केवल (i) और (ii) सही हैं।
(2) केवल (ii) और (iii) सही हैं।
(3) केवल (i) और (iii) सही हैं।
(4) सभी (i), (ii) और (iii) सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**31. कैबिनेट मिशन योजना से सम्बन्धित गलत कथन की पहचान कीजिए।**
(1) प्रत्येक प्रान्त और प्रत्येक देशी रियासत या रियासतों के समूह को उनकी संबंधित जनसंख्या के अनुपात में सीटें दी गई।
(2) प्रत्येक प्रान्त की सीटों को दो प्रमुख समुदायों मुसलमान और सामान्य में उनकी संबंधित जनसंख्या के अनुपात में बाँट दिया गया।
(3) प्रान्तीय विधानसभाओं में सदस्यों ने अपने प्रतिनिधियों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व और एकल संक्रमण मत पद्धति से निर्वाचित किया।
(4) देशी रियासतों के प्रतिनिधियों के चुनाव का तरीका उनके परामर्श से तय किया गया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**32. भारतीय संविधान की निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता आयरिश संविधान से अपनाई गई है?**
(1) प्रस्तावना में न्याय का आदर्श (सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक)
(2) संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक
(3) राज्यसभा में सदस्यों का मनोनयन
(4) राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**33. भारत में वर्ष 2024-25 में शीर्ष तीन तिलहन उत्पादक राज्य अवरोही क्रम में निम्न में से कौनसे हैं?**
(1) गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश
(2) उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश
(3) राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात
(4) राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**34. निम्नलिखित में से कौनसे मूल अधिकार भारतीय संविधान द्वारा केवल नागरिकों को दिए गए हैं?**
(I) धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म-स्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध।
(II) अल्पसंख्यकों को संस्कृति और शिक्षा सम्बन्धी अधिकार
(III) विधि के समक्ष समता
(IV) शोषण के विरुद्ध अधिकार
**सही विकल्प चुनिए:**
(1) केवल (I) एवं (II)
(2) केवल (III) एवं (IV)
(3) केवल (I), (II) एवं (III)
(4) केवल (II), (III) एवं (IV)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**35. डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
**(i) डॉ. अंबेडकर को मद्रास से संविधान सभा की सीट के लिए चुना गया था।**
**(ii) डॉ. अंबेडकर ने 04 नवंबर, 1948 को संविधान का अंतिम मसौदा संविधान सभा में पहली रीडिंग के लिए प्रस्तुत किया था।**
**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
(1) केवल (i) (2) केवल (ii)
(3) (i) और (ii) दोनों (4) न तो (i) और न ही (ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**36. नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के द्वारा निम्नलिखित में से किन देशों से आने वाले बौद्धों को कुछ शर्तों के साथ भारत की नागरिकता प्रदान करने की छूट दी गई है?**
(1) श्रीलंका, चीन, अफ़गानिस्तान
(2) श्रीलंका, नेपाल, अफ़गानिस्तान
(3) पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, बांग्लादेश
(4) चीन, नेपाल, भूटान
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**37. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में राष्ट्रपति के लिए 'पुनर्निर्वाचन के लिए पात्रता' का उल्लेख किया गया है?**
(1) अनुच्छेद 56 (2) अनुच्छेद 57
(3) अनुच्छेद 58 (4) अनुच्छेद 59
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**38. राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**(I) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व देश के शासन में मूलभूत है।**
**(II) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों को विधि निर्माण में लागू करना राज्य का कर्त्तव्य होगा।**
**(III) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व केवल उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय है।**
**उपर्युक्त में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिए।**
(1) केवल (I) एवं (II) (2) केवल (II)
(3) केवल (II) एवं (III) (4) (I), (II) एवं (III)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**39. भारत के संविधान के अनुच्छेद 352 के संदर्भ में, "संघ का मंत्रिमंडल" (Union Cabinet) शब्द विशेष रूप से निम्नलिखित को संदर्भित करता है:**
(1) प्रधानमंत्री और सभी मंत्री, जिनमें राज्य मंत्री भी शामिल हैं।
(2) वह परिषद्, जो अनुच्छेद 75 के अधीन प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल स्तर के अन्य मंत्रियों से मिलकर बनती है।
(3) प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और प्रधानमंत्री द्वारा नामित 2 अन्य मंत्री।
(4) अनुच्छेद 74 के तहत, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**40. यदि यह प्रश्न उठता है कि राज्यसभा का कोई सदस्य भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अन्तर्गत निरर्हता से ग्रस्त हो गया है या नहीं, तो यह प्रश्न निम्नलिखित में से किसके निर्णय हेतु निर्देशित किया जाता है?**
(1) सभापति, राज्यसभा
(2) राष्ट्रपति
(3) भारत का मुख्य निर्वाचन आयुक्त
(4) मुख्य न्यायमूर्ति, उच्चतम न्यायालय
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**41. भारत के उपराष्ट्रपति से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**(I) जब उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है तो वह राज्यसभा के सभापति के कृत्यों का निर्वहन नहीं कर सकता।**
**(II) जब उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति के कृत्यों का निर्वहन करता है तो उसे राज्यसभा के सभापति का ही वेतन मिलता है।**
**सही विकल्प चुनिए:**
(1) केवल (I) सही है।
(2) केवल (II) सही है।
(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं।
(4) न तो (I) न ही (II) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**42. दि. 2-2-2024 से, निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक त्रि-सदस्यीय चयन समिति की सिफ़ारिश पर की जाती है, जिसमें शामिल नहीं है:**
(1) प्रधानमंत्री
(2) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति
(3) लोकसभा में विपक्ष के नेता
(4) प्रधानमंत्री द्वारा नामांकित एक संघीय कैबिनेट मंत्री
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**43. नेहरू-लियाकत समझौते से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**(I) नेहरू-लियाकत समझौता 8 अप्रैल, 1950 को नई दिल्ली में भारत और पाकिस्तान के मध्य हस्ताक्षरित हुआ।**
**(II) नेहरू-लियाकत समझौते का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के मध्य सीमा विवादों को हल करना था।**
**सही विकल्प चुनिए :**
(1) केवल (I) सही है।
(2) केवल (II) सही है।
(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं।
(4) न तो (I) न ही (II) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**44. भारत के निम्नलिखित पड़ोसी देशों में से कौन सा देश UPI लाइव देशों की सूची तथा डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) सहयोग हेतु हस्ताक्षरित MoU देशों की सूची दोनों में सम्मिलित हैं?**
(1) भूटान (2) श्रीलंका
(3) नेपाल (4) मालदीव
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**45. भारत के संविधान में उच्चतम न्यायालय से सम्बन्धित अनुच्छेदों के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में परमादेश रिट का उल्लेख किया गया है?**
(1) 137 (2) 138
(3) 139 (4) 140
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**46. शैक्षिक मनोविज्ञान शिक्षकों को विभिन्न आयु स्तरों पर शिक्षण की समस्याओं से निपटने के लिए विकसित विभिन्न विधियों और उपागमों को लागू करने में सहायता करता है। यह कथन शैक्षिक मनोविज्ञान के किस क्षेत्र को संदर्भित करता है?**
(1) अधिगमकर्ता (2) अधिगम प्रक्रिया
(3) अधिगम परिणाम (4) अधिगम का मूल्यांकन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**47. शैक्षिक मनोविज्ञान के ऐतिहासिक रुझान और वर्तमान दृष्टिकोणों की तुलना करने पर, प्रत्यक्ष अनुदेशनात्मक दृष्टिकोण थॉर्नडाइक के विचारों से अधिक मिलता-जुलता है, जबकि रचनावादी दृष्टिकोण निम्नलिखित विद्वान के केंद्रीय विचार थे:**
(1) बी.एफ. स्किनर (2) विलियम जेम्स
(3) आई.पी. पावलोव (4) एस. फ्रायड
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**48. विकास के संबंध में निम्नलिखित में कौन सा कथन सत्य नहीं है?**
(1) विकास उद्दीपन द्वारा सहायता प्राप्त करता है।
(2) विकास सांस्कृतिक परिवर्तनों से प्रभावित होता है।
(3) विकास एक निश्चित किन्तु अपूर्वानुमेय पैटर्न का अनुसरण करता है।
(4) विकास में परिपक्वता एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**49. निम्नलिखित में से कौन सा/कौन से क्वाड के सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में शामिल है/हैं?**
**(i) मानवीय सहायता और आपातकालीन प्रतिक्रिया**
**(ii) आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा**
**(iii) महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी**
**सही विकल्प चुनें:**
(1) केवल (i)
(2) केवल (i) और (ii)
(3) केवल (ii) और (iii)
(4) (i), (ii) और (iii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**50. कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धान्त के अनुसार किस अवस्था में बच्चों में नैतिक आचरण पूर्णतः आन्तरिक नियंत्रण में होता है तथा वे अपना व्यवहार आन्तरिक मानकों के अनुसार करते हैं?**
(1) प्राक्-रूढ़िगत नैतिक तर्कणा का स्तर
(2) उत्तर रूढ़िगत नैतिक तर्कणा का स्तर
(3) साधनात्मक सापेक्षवादी उन्मुखता की अवस्था
(4) रूढ़िगत नैतिक तर्कणा का स्तर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**51. नीचे उन मनोवैज्ञानिकों के समूह के नाम दिए गए हैं जिन्होंने अधिगम के संज्ञानात्मक सिद्धांत में योगदान दिया। पता लगाइए कि इनमें से कौन इस समूह से संबंधित नहीं है।**
(1) जे.बी. वॉटसन
(2) एडवर्ड टोलमैन
(3) वोल्फगैंग कोहलर
(4) मार्टिन सेलिगमैन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**52. माध्यमिक विद्यालय के छात्रों में भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप योजना बनाते समय, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सबसे अधिक लागू होता है?**
(1) भावनात्मक व्यवहारों की जड़ें आनुवंशिक प्रभावों में निहित होती हैं।
(2) भावनात्मक व्यवहार हमारे व्यवहार के सीखे और अर्जित पैटर्न होते हैं।
(3) भावनात्मक व्यवहार प्रारंभिक अवस्था में सामान्य उत्तेजना के रूप में दिखाई देता है।
(4) सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार के भावनात्मक व्यवहार दो वर्ष की आयु तक स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**53. रचनावाद के संबंध में दो मुख्य विचार नीचे दिए गए हैं :**
A. शिक्षार्थी अपनी समझ के निर्माण में निष्क्रिय होते हैं।
B. ज्ञान निर्माण प्रक्रिया में सामाजिक अंत:क्रियाएँ महत्त्वपूर्ण होती हैं।
**सही विकल्प चुनें :**
(1) A सही है और B गलत है।
(2) B सही है और A गलत है।
(3) A और B दोनों सही हैं।
(4) A और B दोनों गलत हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**54. फ्रायड के व्यक्तित्व मनोविश्लेषण सिद्धांत से संबंधित नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (A) :** अहं व्यक्ति की प्रवृत्तिजन्य ऊर्जा का स्रोत होता है।
**कथन (B) :** अहं को नैतिक मूल्यों, समाज या अन्य व्यक्तियों की परवाह नहीं होती।
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**
(1) (A) एवं (B) दोनों कथन सत्य हैं।
(2) (A) सत्य है, किन्तु (B) असत्य कथन है।
(3) (A) असत्य है, किन्तु (B) सत्य कथन है।
(4) (A) एवं (B) दोनों कथन असत्य हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**55. हम जो सीखते हैं वह विशिष्ट प्रतिक्रियाओं के बजाय अपेक्षाओं का एक समूह या पर्यावरण का एक संज्ञानात्मक मानचित्र होता है, जिसमें एक अर्जित अपेक्षा होती है कि किसी विशेष संदर्भ में एक उद्दीपन के बाद दूसरा उद्दीपन होगा। यह किस प्रकार के अधिगम को इंगित करता है?**
(1) अंतर्दृष्टि अधिगम (2) प्रयास एवं त्रुटि अधिगम
(3) अनुबंधित अधिगम (4) संकेत अधिगम
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**56. परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने के बाद जब एक बालक ने नए पेनों का एक सेट खरीदा, तो उसने अपने मित्र से कहा कि "अगली परीक्षा में, मैं इन पेनों से बहुत अच्छा प्रदर्शन करूँगा"। बालक द्वारा किस समायोजन तंत्र का प्रयोग किया गया?**
(1) प्रतिक्रिया निर्माण (2) युक्तिकरण
(3) प्रक्षेपण (4) प्रतिगमन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**57. गार्डनर के बहुबुद्धि सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित प्रकार की बुद्धिमत्ता का सही मिलान उन लोगों के उदाहरणों से कीजिए, जिनमें उस विशेष प्रकार की बुद्धिमत्ता पाई जाती है:**
(a) शारीरिक गतिज (i) आर्किटेक्ट
(b) अंतर्वैयक्तिक (ii) दार्शनिक
(c) अंत:वैयक्तिक (iii) मनोवैज्ञानिक
(d) स्थानिक (iv) खिलाड़ी
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**58. व्यक्तित्व के शीलगुण सिद्धांत के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**
(1) एक शीलगुण उपागम लोगों की केवल द्वितीयक विशेषताओं की पहचान करने का प्रयास करता है।
(2) शीलगुण समय के साथ अपेक्षाकृत स्थिर होते हैं।
(3) शीलगुण सामान्यत: विभिन्न परिस्थितियों में स्थिर रहते हैं।
(4) व्यक्तियों में शीलगुणों की प्रबलता एवं संयोजन भिन्नता रखते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**59. निम्नलिखित में से कौन सी क्षमता गोलमैन द्वारा प्रस्तावित संवेगात्मक बुद्धिमत्ता प्रतिमान में शामिल नहीं है?**
(1) अपने संवेगों को जानना
(2) संवेगों का प्रबंधन
(3) संवेगों का आत्मसातीकरण
(4) दूसरों के संवेगों को पहचानना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**60. निम्नलिखित में से कौन से मनो-सामाजिक प्रेरकों के उदाहरण हैं?**
(a) उपलब्धि की आवश्यकता
(b) भूख की आवश्यकता
(c) प्यास की आवश्यकता
(d) संबद्धता की आवश्यकता
(e) जिज्ञासा और अन्वेषण की आवश्यकता
(f) आत्म-वास्तवीकरण की आवश्यकता
**सही कूट का चयन कीजिए :**
(1) केवल (a), (b), (c) एवं (d)
(2) केवल (a), (d), (e) एवं (f)
(3) केवल (b), (c), (e) एवं (f)
(4) केवल (a), (d) एवं (e)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**61. सृजनात्मकता के निम्नलिखित में से किस तत्त्व का तात्पर्य अनेक तरह के विचारों की खुली अभिव्यक्ति से होता है?**
(1) धाराप्रवाहिता (2) विस्तारण
(3) लचीलापन (4) मौलिकता
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**62. अभिकथन (A) : वैयक्तिक भिन्नताएँ प्रकृति और पालन-पोषण दोनों का परिणाम है।**
**कारण (R) :** जो लोग यह मानते हैं कि व्यक्तिगत व्यवहार पूरी तरह से आनुवंशिक कारकों द्वारा नियंत्रित होता है, उन्हें 'नेटिविस्ट' कहा जाता है।
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**
(1) (A) एवं (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(2) (A) एवं (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(3) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है।
(4) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**63. यू.डी.एल. का पूर्ण रूप क्या है, जिसका उपयोग कक्षाओं में सामान्य और विशिष्ट शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए समावेशी अनुदेशन हेतु किया जा सकता है?**
(1) यूनिवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग
(2) यूनिक एण्ड डिफरेंशियल लर्निंग
(3) यूनिफॉर्म एण्ड डाइवर्स लर्निंग
(4) अन-डिस्टिंग्विश्ड लर्निंग
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**64. उपलब्धि प्रेरणा की आवश्यकता के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा उन छात्रों का लक्षण नहीं है जो मानते हैं कि बुद्धि परिवर्तनशील है और अनुभवों और प्रयासों से इसमें वृद्धि हो सकती है?**
(1) उनमें आंतरिक नियंत्रण की प्रवृत्ति होती है।
(2) उनमें बाह्य नियंत्रण केंद्र की प्रवृत्ति होती है।
(3) चुनौतियों का सामना करने पर वे अपने प्रयासों को बढ़ाते हैं।
(4) वे नई रणनीतियाँ विकसित करते हैं और नए कार्यों में संलग्न होते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**65. निम्नलिखित सृजनात्मक कौशलों का उनसे संबंधित प्राथमिक कार्यों से मिलान कीजिए:**

| | |
|---|---|
| (a) जिज्ञासा | (i) पहचान, प्रतिक्रिया एवं समाधान प्रस्तुत करना। |
| (b) कल्पना | (ii) पूछताछ एवं अवलोकन करना। |
| (c) खुली विचारशीलता | (iii) विचार रखना एवं सर्वोत्तम विचारों का चयन करना। |
| (d) समस्या समाधान | (iv) ध्यान से सुनना और अलग ढंग से सोचना। |

**सही कूट का चयन कीजिए :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**66. निम्नलिखित 21वीं सदी के कौशलों को उनकी विशेषताओं से मिलाएँ:**

| | |
|---|---|
| (a) सहयोग | i. अपनी इच्छाओं को व्यक्त करने की क्षमता |
| (b) संचार | ii. प्रभावी ढंग से मिलकर काम करने की क्षमता |
| (c) नवाचार | iii. टीम का नेतृत्व करने की क्षमता |
| (d) नेतृत्व | iv. सोचने के नए तरीकों को खोजने और विकसित करने की क्षमता |

**सही कूट का चयन कीजिए :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iv | iii |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | iii | i | ii | iv |
| (4) | iv | iii | i | ii |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**67. निम्नलिखित में से कौन सी नदियाँ कच्छ के रण में अपना जल विसर्जित करती है?**

(1) लूनी तथा माही (2) पश्चिमी बनास तथा माही
(3) लूनी तथा पश्चिमी बनास (4) साबरमती तथा लूनी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**68. राजस्थान में पाई जाने वाली भेड़ों के नस्ल के सही समूह की पहचान कीजिए।**

(1) मगरा, सोनाड़ी, नाली, पूंगल
(2) मगरा, सोनाड़ी, जखराना, पूंगल
(3) राठी, सोनाड़ी, जखराना, पूंगल
(4) मगरा, सोनाड़ी, नाली, बरबरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**69. निम्नलिखित में से कौन सी गेहूँ की संकर किस्म नहीं है?**

(1) चम्बल-65 (2) मंगला
(3) सोनलिका (4) आर.एच.बी.-30
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**70. कोपेन जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, निम्नलिखित में से किस जिला समूह में 'Aw' जलवायु क्षेत्र पाया जाता है?**

(1) डूंगरपुर-बाँसवाड़ा (2) भीलवाड़ा-टोंक
(3) भरतपुर-धौलपुर (4) जालौर-सिरोही
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**71. निम्नलिखित पर्वत शिखरों पर विचार कीजिए:**

A. कुम्भलगढ़ B. सज्जनगढ़
C. रघुनाथगढ़ D. लीलागढ़

**उपर्युक्त में से 1000 मीटर से अधिक ऊँचाई वाले पर्वत शिखर हैं:**

**कूट:-**

(1) केवल A और C (2) केवल C और D
(3) केवल A और B (4) A, B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**72. जनगणना-2011 के अनुसार, राजस्थान की कुल जनसंख्या में ग्रामीण तथा नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत कितना था?**

| | ग्रामीण | नगरीय |
|---|---|---|
| (1) | 75.3 | 24.7 |
| (2) | 74.9 | 25.1 |
| (3) | 75.1 | 24.9 |
| (4) | 75.6 | 24.4 |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**73. शब्द 'हाथीमना' मुख्यतः संबंधित है:**

(1) भीलों के विशेष उत्सव परिधान से
(2) भीलों के विवाह नृत्य से
(3) गरासिया के विवाह नृत्य से
(4) भीलों के होली उत्सव पर विशेष अनुष्ठान से
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**74. वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय दुग्ध उत्पादन में राजस्थान का योगदान कितना था?**

(1) 16.62% (2) 14.82%
(3) 9.12% (4) 7.78%
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**75. NAFED का जैव-उर्वरक संयंत्र निम्नलिखित में से किस स्थान पर अवस्थित है?**

(1) भरतपुर (2) सीकर
(3) हनुमानगढ़ (4) अलवर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**76. भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2023 के अनुसार, राजस्थान में अत्यंत सघन वन (VDF) के अंतर्गत कितना क्षेत्र (वर्ग किमी) सम्मिलित है?**

(1) 612.78 (2) 4368.65
(3) 223.20 (4) 135.65
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**77. 861 ई. के घटियाला अभिलेख से हमें जानकारी मिलती है:**

(1) मण्डोर के प्रतिहार वंश की
(2) मेवाड़ के गुहिल वंश की
(3) आबू के परमार वंश की
(4) राजोरगढ़ के गुर्जर प्रतिहार वंश की
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**78. सुल्तान गयासुद्दीन बलबन द्वारा चित्तौड़ पर किये गये आक्रमण को मेवाड़ के किन प्रमुखों ने मिलकर विफल कर दिया था?**

(1) जैत्रसिंह, तेजसिंह और समर सिंह
(2) हम्मीर देव और रतन सिंह
(3) कुंभा एवं सांगा
(4) उदयसिंह एवं प्रताप
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**79. हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की सेना के 'हरावल दस्ते' की कमान किसने संभाली थी?**
(1) भील पूँजा (2) ग्वालियर के शासक रामशाह
(3) मानसिंह झाला (4) हकीम सूर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**80. मारवाड़ में अजीत सिंह को उत्तराधिकारी बनाने के लिए औरंगजेब के विरुद्ध किस राजपूत शक्ति ने राठौड़ों का साथ दिया?**
(1) बीकानेर के रायसिंह (2) मेवाड़ के राजसिंह
(3) आमेर के मानसिंह (4) जालौर के चाचिग देव
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**81. निम्न में से किस पुरास्थल से भारत की आजादी से पूर्व ताम्र भण्डार प्राप्त हुए थे?**
(1) गणेश्वर (2) बालाथल
(3) गिलूण्ड (4) कुराड़ा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**82. हरिनारायण शर्मा ने अलवर राज्य में जनचेतना के संचार हेतु निम्नलिखित में से कौन से कार्य किये थे?**
A. 'आदिवासी संघ' की स्थापना
B. 'वाल्मीकि संघ' की स्थापना
C. मंदिर में हरिजनों का प्रवेश
D. 'अस्पृश्यता निवारण संघ' की स्थापना
**सही उत्तर का चयन कीजिए :**
(1) A एवं D (2) B एवं C
(3) A, B एवं D (4) A, B, C एवं D
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**83. बीकानेर राज्य प्रजा परिषद् के संस्थापक कौन थे?**
(1) मघाराम वैद्य (2) श्रीराम आचार्य
(3) रघुवर दयाल (4) सुरेन्द्र कुमार श्रीमाली
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**84. किस अजमेर कमिश्नर ने 1857 के विद्रोह के शुरू होने पर 15वीं नेटिव इंफैन्ट्री की जगह अजमेर शस्त्रागार की सुरक्षा के लिए मेवाड़ से मेर रेजिमेंट माँगी थी?**
(1) जॉर्ज सेंट पैट्रिक लॉरेंस (2) कर्नल डिक्सन
(3) मेजर मॉरीसन (4) कर्नल एबट
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**85. स्थानीय सोढ़ा राजपूतों द्वारा सिंध प्रांत के किस क्षेत्र को भारत संघ से मिलाने का प्रयास किया गया?**
(1) थारपारकर (2) साहीवाल
(3) मुल्तान (4) कोहट
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**86. देवनारायण जी का देहावसान किस स्थान पर हुआ था?**
(1) आसीन्द (2) देवली
(3) देहमाली (4) धुवन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**87. निम्नलिखित सन्तों में से किसने रामानन्दी सम्प्रदाय की 'गलता पीठ' को सुदृढ़ किया?**
(1) कील्हदास (2) रामदास
(3) अग्रदास (4) रामानन्द
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**88. विजयसिंह पथिक के बिजोलिया आंदोलन से अलग होने का प्राथमिक कारण क्या था?**
(1) मेवाड़ सरकार द्वारा पथिक, वर्मा और चौधरी को मेवाड़ में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया जाना।
(2) किसान पंचायत द्वारा उनके नेतृत्व को अस्वीकार कर माणिक्यलाल वर्मा को एकमात्र नेता चुनना।
(3) राजस्थान सेवा संघ की भूमिका को लेकर माणिक्यलाल वर्मा और रामनारायण चौधरी के साथ वैचारिक मतभेद।
(4) अचलेश्वर दयाल द्वारा शोभालाल गुप्त को जबरन आंदोलन का नेतृत्व सौंपने का दबाव बनाना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**89. बूंदी चित्रकला शैली के प्रारंभिक विकास के संदर्भ में 'चुनार से प्राप्त 1591 ई. के रागमाला सेट' का ऐतिहासिक महत्त्व क्या है?**
(1) यह बूंदी शैली के पूर्ण विकास और मुगल कला से इसकी पूर्ण स्वतंत्रता को दर्शाता है।
(2) यह बूंदी शैली की विशेषताओं को प्रदर्शित करता है जिसमें परिष्कृत मुगल और स्थानीय मेवाड़ तत्त्वों का मिश्रण दिखाई देता है।
(3) यह दक्कन सैन्य अभियानों के दौरान विकसित हुई विशुद्ध दक्षिण भारतीय चित्रकला शैली का प्रतिनिधित्व करता है।
(4) यह प्रमाणित करता है कि बूंदी शैली का उद्भव राव रतनसिंह के शासनकाल के बाद ही हुआ था।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**90. निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**
(1) बाणगंगा मेला — वैशाख पूर्णिमा
(2) डिग्गी मेला — श्रावण अमावस्या
(3) बेणेश्वर मेला — माघ अमावस्या
(4) तेजाजी मेला — भाद्रपद शुक्ल दशमी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**91. जयपुर के स्मारकों के सम्बन्ध में निम्नांकित कथनों का अध्ययन कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए:**
A. चंद्र महल पाँच मंजिला भवन है।
B. मुबारक महल का निर्माण सवाई ईश्वरी सिंह ने करवाया था।
C. हवामहल का निर्माण सवाई प्रताप सिंह ने करवाया।
(1) केवल C (2) A, B
(3) B, C (4) A, B, C
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**92. लोक नृत्य "राई" को जाना जाता है :**
(1) घूमर नृत्य से (2) गवरी नृत्य से
(3) वालर नृत्य से (4) रायण नृत्य से
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**93. 'वीरमायण' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
A. इसके रचियता 'बादर' के ढ़ाढ़ी थे।
B. यह रचना मारवाड़ के राठौड़ वीर वीरम और मल्लीनाथ के इतिहास से सम्बन्धित है।
C. इसमें केवल काव्य सौन्दर्य है, ऐतिहासिक घटनाओं का अभाव है।

**उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ?**
(1) केवल A (2) A एवं B
(3) B एवं C (4) A, B एवं C
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**94. अर्जुनलाल सेठी के विषय में निम्नांकित में से कौन सा कथन असत्य है?**
(1) प्रारंभिक काल में अर्जुनलाल सेठी चौमूँ ठिकाने में कामदार नियुक्त हुए थे।
(2) इन्होंने 'जैन शिक्षा प्रचारक समिति' की स्थापना की।
(3) बंगाल के स्वदेशी आंदोलन में इन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया।
(4) कलकत्ता जेल के बंदीगृह में दुर्व्यवहार के कारण ये 70 दिन अनशन पर रहे।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**95. भीलों द्वारा पहनी जाने वाली धोती किस नाम से जानी जाती है?**
(1) पामड़ी (2) पछेवड़े
(3) कानो (4) देपाड़ा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**96. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस कार्यवाहक राज्यपाल का कार्यकाल सबसे कम रहा है?**
(1) स्वरूप सिंह (2) कैलाशपति मिश्र
(3) टी.वी. राजेश्वर (4) ए.आर. किदवई
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**97. राजस्थान के निम्नलिखित पूर्व मुख्यमन्त्रियों को उनके कार्यकाल के कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए:**
(I) मोहनलाल सुखाड़िया (II) सी.एस. वेंकटचारी
(III) हीरालाल देवपुरा (IV) टीकाराम पालीवाल
**सही विकल्प चुनिए :**
(1) (I), (IV), (II), (III)
(2) (IV), (I), (III), (II)
(3) (II), (IV), (I), (III)
(4) (IV), (I), (II), (III)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**98. जनवरी, 2024 में राजस्थान के राज्यपाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग का कार्यभार किसको सौंपा?**
(1) दिया कुमारी
(2) विजय सिंह
(3) अविनाश गहलोत
(4) बाबूलाल खराड़ी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**99. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता कभी नहीं रहे?**
(1) बी.डी. कल्ला
(2) हरिदेव जोशी
(3) प्रद्युम्न सिंह
(4) केदारनाथ शर्मा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**100. राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्वों एवं उनके कार्यक्षेत्र के निम्न युग्मों में से कौन सा युग्म सही नहीं है?**
(1) सीताराम लालस - भाषाविद्
(2) रूमा देवी - मांड गायिका
(3) फहीमुद्दीन डागर - ध्रुपद गायक
(4) दौलत कोठारी - वैज्ञानिक
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

♦♦♦♦♦♦♦